QB365-Question Bank Software

**SET – 1**

**Series : JSR/2**

**कोड नं.**
**Code No. 4/2/1**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा-II

# SUMMATIVE ASSESSMENT-II

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : **3** घंटे* — *अधिकतम अंक : **90***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **90***

**सामान्य निर्देश** :-

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं – क, ख, ग और घ ।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।

(iii) 1थासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।



QB365-Question Bank Software

## खंड – 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 6 = 12**

हमारे चारों ओर शान से पसरी प्रकृति कितनी समृद्ध, संपन्न और भव्य है ! क्या हमने अपनी व्यस्त जीवनचर्या से समय निकाल कर, कभी इस पर गौर किया ! बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर, इन छह ऋतुओं की अलग-अलग छटा, अलग-अलग मिजाज अपने में समाए प्रकृति नाना मनोहर रूपों में हमारे सामने आती है, तो हर बार हम नि:शब्द हुए उसे निहारते रह जाते हैं । हर मौसम का अपना मिजाज, अपना अंदाज, अपनी खुशबू, अपना स्पर्श होता है, जो हमें तरह-तरह की भावनाओं, अनुभूतियों से भरकर हमारे अनुभव-जगत का विस्तार करता है ।

बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, आदि ऋतुओं का एक के बाद एक आना और जाना, प्रकृति को अपने रंग में रंगना, कभी उसे फूलों से आवृत कर खिलखिलाहट से भर देना, कभी भीनी महक से लपेट देना, तो कभी फूल-पत्ते उड़ाकर वैरागिन-सी उदास बना देना, कभी झर-झर पानी बरसाकर तर कर देना, कभी सर्द झोंकों से सिहरा देना,.... कितने प्यारे, अनोखे व अनूठे रूप हैं । प्रकृति का सौम्य रूप, रौद्र रूप, उसकी चंचलता, उसकी जड़ता, उसकी जीवंतता आदि सब देखने वाले की नज़र पर, उसकी संवेदनशीलता पर निर्भर होते हैं ।

मैंने महसूस किया है कि हर मौसम का मानव मन पर एक मनोवैज्ञानिक असर होता है । जैसे ग्रीष्म के अलसाए दिन लंबे होने के कारण, ठंडे बंद कमरों में लेटे दिलो-दिमाग को आत्मचिंतन का खूब समय देते हैं । मधुमास हमारी रागात्मक प्रवृत्ति को तराश देता है… हमें तरह-तरह से रचनात्मक बनाता है ।

सूरज और चंद्रमा का अस्त और उदय इस लोक को क्रमश: दुख और सुख की दो दशाओं में नियमित करता है । दोनों में से एक भी दशा स्थायी नहीं है, अत: हमें न सुख में अधिक सुखी और न दुख में अधिक दुखी होना चाहिए, बल्कि तटस्थ भाव से जीना चाहिए ।

(क) प्रकृति के रूपों का हम पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ख) प्रकृति के किन्हीं दो अनूठे रूपों की चर्चा कीजिए जो आपको अधिक प्रभावित करते हों ।

(ग) गद्यांश में ग्रीष्म के कैसे प्रभाव से लेखक प्रभावित होता है ?

(घ) मधुमास किसे कहते हैं ? उसका मन पर कैसा प्रभाव पड़ता है ?

(ङ) सूर्य और चंद्रमा से हमें क्या संदेश मिलता है ?

(च) आशय स्पष्ट कीजिए :

"हर बार हम नि:शब्द हुए उसे निहारते रह जाते हैं ।"

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 4 = 8**

वे दोनों ऐसी जुटी थीं बातों में
जैसे रहा हो सात जन्मों का साथ
दोनों की बातों में बहुत छोटी और
मामूली चीजें शामिल थीं
जैसे गाय दूध देती है या ओरई है
भूसा घर से हो जाता है कि
बाज़ार से आता है
लड़के बाहर पढ़ते हैं
आजकल छुट्टियाँ चल रही हैं
लड़कियाँ दिनभर जी हलकान करती हैं
एक दिन सब अपने-अपने घर चली जाएँगी
ऊपर वाला लड़कियाँ दे तो ज़खीरा भी दे
लड़के वाले सीधे मुँह बात नहीं करते
दोनों ने अपने-अपने मुहल्लों के दर्दनाक
हादसों की चर्चा की
उस दुख में अपने को शामिल किया
अपने-अपने अनुभव और ज्ञान को
दोनों एक-दूसरे के बीच बाँट रही थीं
पर दोनों के मन में चिंता थी
बेटियाँ घर में अकेली हैं
घर का बहुत सारा काम पड़ा है
दोनों अपने-अपने अँधेरे में
जुगनुओं की तरह चमक रही हैं ।

(क) काव्यांश में 'दोनों' कौन हैं और उनकी बातचीत के विषय क्या हैं ?

(ख) लड़कियाँ चिंता का विषय क्यों हैं ?

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए :

ऊपर वाला लड़कियाँ दे तो ज़खीरा भी दे

(घ) काव्यांश में समाज में नारी जीवन से संबंधित किन बुराइयों की चर्चा है ? किसी एक पर अपने विचार संक्षेप में लिखिए ।

## खंड – 'ख'

3. (i) पद किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए । **1 + 1 = 2**

(ii) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1 × 3 = 3**

(i) आसमान में बादल घिरने पर किसान प्रसन्न होते हैं । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ii) जो सजग रहता है उसे हानि नहीं उठानी पड़ती । (सरल वाक्य में बदलिए)

(iii) कुछ लोग भाषण देते रहते हैं और मन में संतुष्ट रहते हैं । (रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)

5. (क) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : **1 + 1 = 2**

पाठशाला, अरुणकमल

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : **1 + 1 = 2**

सोने का आभूषण, नरों में उत्तम

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) गरम गाय का दूध बच्चे को पिलाओ ।

(ख) कृपया आप हमें जाने की अनुमति देने की कृपा करें ।

(ग) हमें आपका बात मानना है ।

(घ) मैं उसको सब बात बोल दिया ।

7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाय : **1 + 1 = 2**

कीचड़ उछालना, गले मढ़ना



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खंड – 'ग'

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'गिरगिट' पाठ के आधार पर लिखिए कि ख्यूक्रिन कौन था ? वह मुआवजा क्यों चाहता था ? **2**

(ख) 'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के अनुसार वनस्पति और जीव-जगत के बारे में लेखक की माँ के क्या विचार थे ? **2**

(ग) 'झेन की देन' पाठ में लेखक ने जापानियों के दिमाग में 'स्पीड' का इंजन लगने की बात क्यों कही है ? **1**

9. 'कारतूस' पाठ के आधार पर वज़ीर अली की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । **5**

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 1 = 5**

व्यवहारवादी लोग हमेशा सजग रहते हैं । लाभ-हानि का हिसाब लगाकर ही कदम उठाते हैं । वे जीवन में सफल होते हैं, अन्यों से आगे भी जाते हैं पर क्या वे ऊपर चढ़ते हैं । खुद ऊपर चढ़ें और अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलें यही महत्त्व की बात है । यह काम तो हमेशा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है ।

(क) व्यवहारवादी किन्हें कहा जाता है ? वे हमेशा सजग क्यों रहते हैं ?

(ख) महत्त्व की बात क्या मानी गई है ? टिप्पणी कीजिए ।

(ग) आदर्शवादी लोगों ने समाज के लिए क्या किया है ?

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भरे पूरे घर परिवार में भी नायक-नायिका कैसे बात करते हैं ? बिहारी के दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए । **2**

(ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत में कवि ने वीरों के प्राण छोड़ते समय का मार्मिक वर्णन किस प्रकार किया है ? अपने शब्दों में लिखिए । **2**

(ग) 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल' कविता में कवयित्री ने आकाश में चमकते तारों को स्नेहहीन क्यों कहा है ? **1**



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

12. 'आत्मत्राण' कविता में किसी सहायक पर निर्भर न रहने की बात कवि क्यों कहता है ? कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए । **5**

13. एक ही कक्षा में दो-दो बार बैठने से टोपी को किन भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ा ? मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार लिखिए । **5**

## खंड – 'घ'

14. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । **5**

(क) शिष्टाचार

- शिष्टाचार क्या है
- महत्त्व एवं लाभ
- बाधक तत्त्व एवं निराकरण

(ख) जीवन में श्रम की महत्ता

- श्रम के विभिन्न रूप
- प्रगति का मूल मंत्र
- श्रम के आदर्श

(ग) दूरदर्शन

- दूरदर्शन की भूमिका
- शैक्षणिक लाभ
- विकास में योगदान

15. यातायात में होने वाली असुविधा को बताते हुए परिवहन निगम को अपने क्षेत्र से बसों की संख्या बढ़ाने के लिए पत्र लिखिए । **5**



QB365-Question Bank Software

16. मुहल्ले के पास पार्क में योग की कक्षाएँ लगने और लाभ उठाने की सूचना लगभग **30** शब्दों में लिखिए । **5**

17. आए दिन माँगों को लेकर हड़ताल-धरना से संबंधित दो मित्रों में हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए । **5**

18. विद्यालय में बनी मोमबत्तियों की बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग **25** शब्दों में तैयार कीजिए । **5**

QB365-Question Bank Software



QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 (क) | 2 (क) | 1 (क) | • प्रकृति के विभिन्न रूप हमारे भीतर तरह-तरह की भावनाएँ एवं अनुभूतियाँ भरते हैं।<br>• हमारे अनुभव जगत का विस्तार करते हैं। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • रंग-बिरंगे फूलों का खिलना<br>• भीनी सुगंध का फैलना<br>• पतझड़ में फूल-पत्तों का उड़ना<br>• बारिश में सब तर हो जाना<br>• सर्द हवा के झोंके चलना<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • ग्रीष्म में लंबे अलसाए दिन होने से। | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | बसंत को। रागात्मक प्रवृत्ति उत्पन्न होती है एवं रचनात्मक क्षमता विकसित होती है। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | सुख और दुख की दशाएँ स्थायी नहीं होतीं इसलिए तटस्थ भाव से जीना चाहिए। | 2 |
| | (च) | (च) | (च) | ऋतुओं की अनेक मोहक छवियाँ एवं आकर्षक रूप हैं जिनका शब्दों में वर्णन करना संभव नहीं। | 2 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 (क) | 1 (क) | 2 (क) | ग्रामीण स्त्रियाँ। रोज़मर्रा की ज़िन्दगी के सुख-दुख। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • लड़कियों के विवाह हेतु दहेज की समस्या<br>• लड़कियों की सुरक्षा की समस्या | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | विवाह में होने वाले खर्च एवं दहेज की माँग के कारण स्त्रियाँ चाहती हैं कि ईश्वर बेटियों के जन्म के साथ धन की व्यवस्था भी करे। | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | निम्नलिखित बुराइयों की चर्चा –<br>• नारी शिक्षा का अभाव<br>• दहेज प्रथा<br>• असुरक्षा का भाव<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख एवं एक पर विचार लिखना अपेक्षित) | ½+½+1=2 |
| 3 | 3 (i) | 3 (i) | 3 (i) | शब्द जब विभक्तियों से युक्त होकर वाक्य में प्रयुक्त किए जाते हैं, तब पद कहलाते हैं।<br>उदाहरण – मोहन पुस्तक पढ़ता है। | 1+1=2 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | • शब्द एक स्वतंत्र और सार्थक इकाई है जिसके कोशीय अर्थ होते हैं। | |

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • शब्द जब विभक्तियों से युक्त होकर वाक्य में प्रयुक्त किए जाते हैं तब पद कहलाते हैं। ये स्वतंत्र नही होते और इनके कोशीय अर्थ नहीं होते हैं। | 1+1=2 |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (क) | – | – | जब आसमान में बादल घिरते हैं तब किसान प्रसन्न होते हैं। | 1 |
| | (ख) | – | – | सजग रहने वालों को हानि नहीं उठानी पड़ती। | 1 |
| | (ग) | – | – | संयुक्त वाक्य। | 1 |
| | – | 4 | – | | |
| | – | (क) | – | जब गाँव में बाढ़ आती है तब लोगों को अन्यत्र ठहराया जाता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | रेल-दुर्घटना होने पर आस-पास के लोगों ने आहतों की मदद की। | 1 |
| | – | (ग) | – | शिक्षक कक्षा में आए और उन्होंने सदाचार की बातें बताई। | 1 |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (क) | जब श्याम ने यमुना तट पर मुरली बजाई तब सारी गायें इकट्ठी हो गई। | 1 |
| | – | – | (ख) | वे वहाँ गए और क्रिकेट का मैच देखने लगे। | 1 |
| | – | – | (ग) | सरल वाक्य | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | पढ़ने के लिए शाला – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | अरुण है जो कमल – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | स्वर्णाभूषण – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | नरोत्तम – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | शुभ है जो कार्य – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | दलितों का उद्धार – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | तपोवन – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | पीतांबर – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | मधुर है जो वचन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | देह का दान – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | प्रकृतिवर्णन – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | गौरवर्ण – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | गाय का गरम दूध बच्चे को पिलाओ। | 1 |
| | (ख) | – | – | कृपया आप हमें जाने की अनुमति दें / आप हमें जाने की अनुमति देने की कृपा करें। | 1 |
| | (ग) | – | – | हमें आपकी बात माननी है। | 1 |
| | (घ) | – | – | मैंने उसे सब बातें बता दीं / कह दीं। | 1 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब')  कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | तुमने क्या किया था? | 1 |
| | – | (ख) | – | मेरी दादी ने यह कहानी मुझे सुनाई थी। | 1 |
| | – | (ग) | – | उसके सिर पर नंगी तलवार लटकी थी। | 1 |
| | – | (घ) | – | मोहन को अभिमान / घमंड हो गया था। | 1 |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | हमने उससे कह दिया था। | 1 |
| | – | – | (ख) | तुम अपना पक्ष रखो। | 1 |
| | – | – | (ग) | हमारे दोनों लड़के इसी शहर में रहते हैं। | 1 |
| | – | – | (घ) | आप हमारे घर कब आएँगे? | 1 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | अर्थपूर्ण एवं उचित वाक्यों पर अंक दिए जाएँ। | 1+1=2 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 8 | 8 | 8 | 8 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • ख्यूक्रिन एक सुनार था।<br>• कुत्ते के काटने के कारण एक सप्ताह तक काम का नुकसान होगा। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • सूरज ढले पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए, पेड़ रोएँगे।<br>• दीया–बत्ती के वक्त फूलों को तोड़ने पर वे बद्दुआ देते हैं। | |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • दरिया पर जाओ तो उसे सलाम करो।<br>• कबूतरों को मत सताया करो, ये हज़रत मुहम्मद के अज़ीज़ हैं।<br>• मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्लाजी से पहले मोहल्ले को जगाता है।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • अमेरिका से प्रतिस्पर्धा की भावना।<br>• एक महीने का काम एक दिन में करने की कोशिश।<br>• जीवन में रफ़्तार का बढ़ना।<br>(किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित) | 1 |
| 9 | 9 | – | – | वज़ीर अली की विशेषताएँ –<br>• देशभक्त – अंग्रेजों के प्रति नफ़रत का भाव।<br>• स्वाभिमानी – स्वाभिमान की रक्षा हेतु वकील की हत्या।<br>• जाँबाज़ सिपाही – मुट्ठीभर सेना के साथ अंग्रेज़ों से मुकाबला।<br>• निर्भीक एवं निडर – अंग्रेज़ी खेमे में घुसकर कारतूस ले जाना।<br>• नीति कुशल – अंग्रेज़ों के विरूद्ध लड़ने के लिए अफ़गानिस्तान के बादशाह को निमंत्रण।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख अपेक्षित) | 5 |
| | – | 9 | – | प्रकृति के साथ मानव के दुर्व्यवहार –<br>• औद्योगीकरण।<br>• स्वार्थ सिद्ध करना।<br>• समुद्री ज़मीन हड़पना। | |

QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | 9 | – | • पशु-पक्षियों से उनका आवास छीनना।<br>• वृक्षों को काटना।<br><br>परिणाम –<br>• मौसम का संतुलन बिगड़ना – गर्मी / सर्दी में वृद्धि।<br>• बाढ़, तूफ़ान और ज़लज़ले आना<br>• बेवक्त बरसात<br>• नित नए रोग<br>• बेघर पशु-पक्षी<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 2½ +2½ =5 |
| | – | – | 9 | टी सेरेमनी –<br>• चाय पीने की एक विधि, जिसे जापानी में चा-नो-यू कहते हैं।<br>• शांतिपूर्ण कक्ष में अधिकतम तीन व्यक्तियों को बिठाकर, प्याले में दो घूँट ही चाय दी जाती है।<br>अनुभव –<br>• अतीत या भविष्य की उलझन से निकलते हुए दिमाग की रफ़्तार कम होना और अंततः बंद होना।<br>• वर्तमान में जीते हुए अत्यधिक संवेदनशील हो जाना, जीने का वास्तविक अर्थ मिलना।<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 2+3=5 |



QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 10 (क) | • जो लाभ-हानि का हिसाब लगाकर ही आगे बढ़ते हैं, केवल अपने बारे में सोचते हैं।<br>• स्वार्थसिद्धि के लिए | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | अपनी उन्नति के साथ-साथ दूसरों के विकास में भी सहायक बनना। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | समाज को शाश्वत मूल्य प्रदान कर, उसे आगे बढ़ाया है। | 1 |
| 11 | 11 (क) | 12 (क) | 11 (ख) | सामाजिक मान-मर्यादा और लोक-लाज का ध्यान रखते हुए नेत्रों के माध्यम से संकेतों की भाषा में बात करते हैं। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (क) | प्राण छोड़ते समय वीर सैनिकों की साँसें थम रही थीं, नब्ज़ रुक रही थी लेकिन कदम बढ़ रहे थे। वे अपना सिर कटाकर भी देश का सिर ऊँचा रखना चाहते थे।<br>(छात्रों द्वारा दिया गया उपयुक्त वर्णन स्वीकार्य) | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | आकाश में चमकते तारे प्रेमरहित हैं। | 1 |
| | – | 11 | – | युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान करने वाला वीर सैनिक साथियों से देश की रक्षा का दायित्व उठाने का आह्वान करता है। सैनिक कहता है कि देश के लिए बलिदान का अवसर रोज-रोज नहीं आता अत: | |

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | इसका सिलसिला चलते रहना चाहिए। देश की मर्यादा और सीमाओं के विरुद्ध उठने वाले दुश्मन के हर वार का मुँहतोड़ जवाब देना है, इसकी रक्षा करनी है। | 5 |
| 12 | 12 | – | 13 | • कवि स्वावलंबी है और वह अपने बलबूते जीवन की सभी बाधाओं और विपत्तियों का सामना करना चाहता है।<br>केंद्रीय भाव –<br>• विपत्ति के समय ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना।<br>• सुख के समय भी ईश्वर को याद रखना।<br>• अपने आत्मबल और पुरुषार्थ के बल पर बाधाओं और विपत्तियों का सामना करना।<br>• सहायक न मिलने पर भी विचलित न होना।<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 2+3=5 |
| | – | – | 12 | कवयित्री स्वयं के आत्मारूपी दीपक को प्रकाशित कर ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है।<br>कवयित्री चाहती है कि उसके हृदय में प्रेम की लौ मधुर भाव से, पुलक के साथ, हँसी-खुशी जलती रहे। संसार में प्रेमभाव का प्रसार करते हुए ईश्वर में विलीन हो जाना ही जीवन की सार्थकता है। | 5 |
| 13 | 13 | 13 | – | चुनौतियाँ –<br>• पुराने साथियों का छूटना।<br>• नए साथियों के साथ सामंजस्य का अभाव। | |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • उपहास का पात्र बनना।<br>• अकेलापन महसूस करना।<br>• अध्यापकों द्वारा उपेक्षा एवं कटाक्ष करना।<br>• परिवार से सहानुभूति न मिलना।<br>(छात्रों के मानवीय मूल्यों संबंधी उपयुक्त विचारों पर अंक दिए जाएँ।) | 2+3=5 |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 14 | 14 | 14 | 15 | अनुच्छेद लेखन<br>• विचारों की मौलिकता<br>• प्रस्तुति<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |
| 15 | 15 | 15 | 14 | पत्र लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषय–वस्तु<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |
| 16 | 16 | 16 | 16 | सूचना लेखन<br>• प्रारूप एवं प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II  4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब')  कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 17 | 17 | 17 | 17 | संवाद लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |
| 18 | 18 | 18 | 18 | विज्ञापन लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |